सत्यमेव जयते

षोडश

बिहार विधान-सभा

प्रथम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-1

सोमवार, तिथि 16 अग्रहायण, 1937 (श0) / 7 दिसम्बर, 2015 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 05

(1) सांख्यिक वित्त विभाग	-	-	01
(2) गृह (आरक्षी) विभाग	-	-	04
		कुल योग—	05

कार्रवाई करना

1. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के गाँधी सेतु पर तैनात पुलिस की लापरवाही एवं नियमों की अवहेलना करने के कारण प्रायः जाम लग जाता है, जिससे यात्री प्रतिदिन परेशान होते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि 10 चक्का अथवा भारी वाहनों के आवागमन और ओवरटेकिंग के कारण जाम होता है जिसपर तैनात पुलिसकर्मी अथवा पदाधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी नियमों की अवहेलना करने और कर्त्तव्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस जवानों और पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

थाना का दर्जा

2. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत धनमा ईटहरी एवं कबीरा चाप ओ0 पी0 को थाना का दर्जा देने का प्रस्ताव सरकार के यहाँ 10 वर्षों से लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ओ0 पी0 को थाना का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बैंक की शाखा खोलना

3. श्री राज किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, संस्थागत (वित्त) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 5 हजार की आबादी पर बैंक की शाखा खोलने का प्रस्ताव है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभी भी उक्त आधार पर बैंकों की शाखायें राज्य में नहीं खुली हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मापदंड के आधार पर राज्य में बैंकों की शाखायें खुलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रोजेक्ट पूरा करना

4. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि देश भर के थानों को एक दूसरे से जोड़ने की बहुप्रतीक्षित योजना क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सी0सी0टी0एन0एस0) प्रोजेक्ट ठप हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत 7 जून, 2011 को जोड़ने का काम वैभटेक और आई0टी0आई0 कम्पनी को सौंपा गया था, जिस कन्ट्रैक्ट पर 18 अक्टूबर, 2012 को एकरार भी हुआ था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी थानों को जोड़ने के प्रोजेक्ट को पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

थाना बनाना

5. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत कनरिया ओ0पी0 दोनों तटबंधों के बीच दियारा क्षेत्र में [illegible] है जहाँ सड़क सम्पर्क भी नहीं रहने के कारण इन क्षेत्रों में अपराधियों का दबाव [illegible] रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कनरिया ओ0पी0 को [illegible] थाना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 7 दिसम्बर, 2015 (ई0) ।

राजीव कुमार,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 138-डी0टी0पी0-450